प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत सभी पात्र महिलाओं को मकान बनाने के लिए 4 लाख रूपए की वित्तिय सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधवाओं, दिव्यांग महिलाओं और एकल नारियों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की पहल कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका लाभ उठाने के लिए महिलाओं को बोर्ड में पंजीकृत होने के साथ ही पिछले एक वर्ष में कम से कम 90 कार्य दिवस पूरे करने चाहिए और उनकी वार्षिक आय 2 लाख 50 हज़ार रूपए से कम होनी चाहिए। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने पात्र महिलाओं को आवश्यक दस्तावेज़ों सहित श्रम अधिकारी के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड विवाह के लिए वित्तीय सहायता, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, चिकित्सा देखभाल और विकलांगता व विधवा पैंशन सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान व कल्याण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विभिन्न योजनाएं व कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था और किसानों को स्वावलम्बी बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आज एक कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान व शोध का केन्द्र है जो किसानों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों व अधिकारियों से किसानों को रबी फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने पहाड़ी राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों का एक अलग संगठन बनाकर आवश्यकता अनुसार शोध व अनुसंधान करने पर भी बल दिया। चंद्र कुमार ने कहा कि भिन्न–भिन्न जलवायु के चलते हिमाचल प्रदेश को कृषि अनुसंधान के लिए मॉडल शोध केन्द्र के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

विक्रमादित्य सिंह

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष विभाग द्वारा आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बनूटी में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को खासतौर पर बुजुर्गों व असहाय लोगों को अस्पताल पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इस तरह के शिविरों से उन्हें सुविधा मिलती है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र के दूरदराज़ क्षेत्रों में इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि लोगों को घरद्वार के समीप स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती रहें। शिविर में करीब 2 सौ 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गईं।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी और विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार के फैसले और उच्च न्यायालय के निर्णय से ये साबित होता है कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे व हर क्षेत्र में नाकाम सिद्ध हो रही है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार माफिया राज के दबाव में काम कर रही है और सरकार के संरक्षण में माफिया पनप रहा है। रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले कल मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र से ई.डी. द्वारा की गई 2 गिरफ्तारियों से ये साबित हो गया है कि खनन माफिया को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने हिमाचल भवन दिल्ली को अटैच करने के आदेश दिए हैं जो गम्भीर विषय है लेकिन मुख्यमंत्री अपनी नाकामी को छुपाने के लिए विपक्ष पर दोषारोपण कर रहे हैं। प्रदेश में घाटे में चल रहे टूरिज़्म के 18 होटलों को बंद करने के कोर्ट के आदेशों के बाद सरकार की मंशा पर सवाल करते हुए रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस फैसले पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री हाईकोर्ट के आदेशों की आड़ में इन होटलों को अपने मित्रों को लीज़ पर तो नहीं देने जा रहे हैं।

प्रवेश परीक्षा

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी और जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के दौरान नौंवीं और ग्यारहवीं कक्षा में रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 26 नवंबर कर दी गई है।